भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-19
उत्तर देने की तारीख-22/07/2024

उच्च शैक्षिक संस्थानों में छात्रों एवं शिक्षकों का अनुपात

19. श्री तनुज पुनिया:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केन्द्रीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी, आईआईएम और आईआईआईटी में छात्र-शिक्षक अनुपात क्या है;
(ख) उक्त संस्थाओं में शिक्षक-छात्र अनुपात के अनुसार शिक्षकों की रिक्तियों की संख्या कितनी है;
(ग) उक्त रिक्तियों में से अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछडे वर्गों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या कितनी है; और
(घ) उक्त रिक्तियों को भरने संबंधी कार्य योजना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकांत मजूमदार)

(क) से (घ): शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय उच्चतर शिक्षा संस्थान (सीएचईआई) जिनमें केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयू), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) और भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) शामिल हैं, संसद के संबंधित केंद्रीय अधिनियमों के तहत स्थापित सांविधिक स्वायत्त संगठन हैं और उनके तहत बनाए गए अधिनियमों/संविधियों/अध्यादेशों/विनियमों के प्रावधानों द्वारा शासित होते हैं। ये संस्थान प्रासंगिक नियमों और उनकी विधियों के अनुसार विशिष्ट संकाय/छात्र अनुपात का पालन करते हैं। रिक्तियों का निकलना और उन्हें भरना एक सतत प्रक्रिया है। ये रिक्तियां सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र तथा छात्र संख्या में वृद्धि की वजह से अतिरिक्त आवश्यकताओं के कारण उत्पन्न होती हैं।

शिक्षा मंत्रालय ने सभी सीएचईआई को मिशन मोड में रिक्तियां भरने का निर्देश दिया है। सीएचईआई अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) सहित रिक्तियों को भरने के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाता है। सितंबर 2022 से, सीयू, आईआईटी, आईआईएम और आईआईआईटी ने एससी, एसटी और ओबीसी सहित रिक्तियों को भरने के लिए मिशन मोड भर्ती अभियान भी चलाया है। दिनांक 12.2.2024 तक, सभी सीएचईआई द्वारा मिशन मोड में कुल 22,286 पद भरे जा चुके हैं। सीयू, आईआईटी, आईआईएम और आईआईआईटी ने सामूहिक रूप से 16,049 रिक्तियां भरी हैं, जिनमें से 9535 संकाय पद हैं जिनमें 1173 एससी, 517 एसटी और 1942 ओबीसी संकाय शामिल हैं। मिशन मोड में संकाय और गैर-संकाय की भर्तियाँ आयोजित करना एक निरंतर प्रयास है।

*****